**02/09**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज RWD मंत्री पी.डी. सोना, सलाहकार चाउ जिंगनू नामचूम तथा वित्त, योजना एवं निवेश और ग्रामीण कार्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के व्यापक राज्य ग्रामीण सड़क विकास कार्यक्रम के संशोधित दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में अयह जानकारी साझा कि है कि, बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद संशोधित दिशा-निर्देशों को मंजूरी दे दी गई है। इस कार्यक्रम से ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। विशेष रूप से उन ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़क बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाएगा, जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दायरे से बाहर रह गए हैं। इस अवसर पर श्री मीन ने जोर देकर कहा कि बेहतर सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, बाजारों और विभिन्न अवसरों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करती हैं।

000000000000000000000000000

सेवानिवृत्त अरुणाचल अग्निवीरों को अब अरुणाचल प्रदेश पुलिस, सशस्त्र पुलिस बटालियन, IRBN, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं, मिनरल गार्ड्स, फ़ोरेस्ट गार्ड्स, विशेष टाइगर सुरक्षा बल, फॉरेस्टर्स और

जेल वार्डन्स की भर्ती में बीस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। गृह राज्य मंत्री मामा नातुङ ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि, वर्दी के बाद भी उनकी सेवा जारी रहती है और उनका अनुशासन, प्रशिक्षण तथा समर्पण हमारे समुदायों की सेवा में लाभदायक होता है। उन्होंने कहा कि यह आरक्षण 'टीम अरुणाचल' की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें सेवा का सम्मान करते हुए अवसर प्रदान करना शामिल है। जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राष्ट्र की सेवा कर चुके ये अग्निवीर आगे भी राज्य के लोगों को अपनी सेवा प्रदान करते रहें।

0000000000000000000000000000

इंडिगो एयरलाइन ने ईटानगर और गुवाहाटी के बीच हवाई संपर्क बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। एयरलाइन की अंतिम पुष्टि के अधीन, नई सेवाएं आगामी दस अक्टूबर से शुरू होने की उम्मीद है। इंडिगो के ईस्टर्न रीजन के अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, गुवाहाटी के माध्यम से प्रस्तावित कनेक्टिविटी से ईटानगर के यात्रियों को दिल्ली, कोलकाता और देश के कई अन्य प्रमुख महानगरों तथा वाणिज्यिक केंद्रों तक बेहतर पहुंच मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित कनेक्टिंग डेस्टिनेशन्स में बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, भुवनेश्वर, लखनऊ, जयपुर और अहमदाबाद शामिल हैं।

इसके अलावा एक अन्य शहर को भी जोड़े जाने का प्रस्ताव है, जिसकी अभी पुष्टि नहीं की हुई है। इस प्रस्तावित विकास का स्वागत करते हुए अरुणाचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज - ACCI के अध्यक्ष डॉ. ताई नाचुङ ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, लोकसभा सांसद तापिर गाव, राज्यसभा सांसद ताई तागाक, और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री बालो राजा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए सभी ने समय पर हस्तक्षेप, सहयोग और प्रयास किए हैं। ACCI ने कहा कि बेहतर हवाई संपर्क से विशेष रूप से कारोबारी, उद्यमी, विद्यार्थी, पर्यटक, पेशेवर और आम जनता लाभान्वित होंगे। साथ ही, इससे ईटानगर की अरुणाचल प्रदेश के एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में स्थिति और मजबूत होगी।

000000000000000000000000000

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल - CISF अब होलोंगी स्थित दोन्यी पोलो हवाई अड्डे की सुरक्षा संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। CISF के डिप्युटी इंस्पेक्टर किम ने आज ईटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खांडू से मुलाकात की। यह मुलाकात दोन्यी पोलो हवाई अड्डे पर CISF की तैनाती की चल रही प्रक्रिया के संबंध में हुई। CISF द्वारा औपचारिक रूप से सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का उद्देश्य विमानन सुरक्षा को मानकीकृत और और मजबूत करना है।

000000000000000000000000000

सहकारी विकास, सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण तथा सदस्यों और स्थानीय समुदाय के बीच सामूहिक प्रगति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, नामसाई उपायुक्त लोबसाङ सेरिङ ने आज मोंगलांग कॉम्प्लेक्स, सेकेंड माइल, नामसाई में माबिरा लार्ज साइज्ड मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी यानी माबिरा लैम्प्स के नवस्थापित Office-cum-Micro Finance Centre का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारी समितियों के डिप्युटी रजिस्ट्रार ग्याति कोबिंग ने ज़मीनी स्तर पर सामूहिक भागीदारी, वित्तीय समावेशन और टिकाऊ सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहकारी संस्थाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न पहलों तथा अरुणाचल प्रदेश में उनके क्रियान्वयन की भी संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। यह उद्घाटन Office-cum-Micro Finance Centre के उद्घाटन और ओरिएंटेशन कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।

000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के आठ ज़िलों तवाङ, ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, कुरुङ कुमे, पाके केसाङ, पापुम पारे, आंजाव और चाङलाङ के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

00000000000000000000000000

सरकार ने वर्ष 2024 के लिए तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। ये पुरस्कार साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करते हैं। साथ ही, इनका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य, जोखिम उठाने की क्षमता, टीम भावना तथा त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने की भावना को बढ़ावा देना है। ये पुरस्कार चार श्रेणियों में दिए जाते हैं भूमि साहसिक, जल साहसिक, वायु साहसिक और लाइफटाइम अचीवमेंट शामिल है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रतिमा, प्रमाण-पत्र और पंद्रह लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

00000000000000000000000000